आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 05.08.2025 समय : 02.10pm

प्रधानमंत्री–फिलीपींस राष्ट्रपति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के बीच द्विपक्षीय वार्ता नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और फिलीपींस सभ्यतागत, ऐतिहासिक और लोगों के बीच आपसी संबंधों की नींव पर आधारित घनिष्ठ संबंध साझा करते हैं। प्रधानमंत्री ने वार्ता में कहा कि दोनों देश समुद्र के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देंगे।

## एनडीए-बैठक

**एनडीए संसदीय दल की बैठक आज सुबह नई दिल्ली में संसद भवन परिसर में हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंहए गृह मंत्री अमित शाहए भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा और एनडीए के अन्य सांसद इसमें शामिल हुए। बैठक के दौरान सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की सफलता के लिए प्रधानमंत्री की सराहना की। सांसदों ने इन ऑपरेशनों की सफलता पर सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव भी पारित किया।**

खेल अलंकरण

मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स 2025 के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आज भोपाल के रवीन्द्र भवन में होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समारोह में 11 खिलाड़ियों को एकलव्य पुरस्कार और 12 खिलाड़ियों को विक्रम पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। समारोह में 38वें नेशनल गेम्स 2025 के 34 स्वर्ण पदक विजेता, 25 रजत और 23 कास्य पदक विजेताओं को भी सम्मानित किया जायेगा।

## लोकसभा - किसान

**केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार ने पिछले ग्यारह वर्षों में किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों के बैंक खातों में चार लाख करोड़ रुपये सीधे हस्तांतरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक की उर्वरक सब्सिडी भी प्रदान की है।**

आजीविका मिशन

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व–सहायता समूहों का तीन दिवसीय राखी मेले का उद्घाटन पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने किया। इस अवसर उन्होंने कहा स्वसहायता समूह के योगदान से ही भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाने में समर्थ होगा। भोपाल हाट में

आयोजित इस मेले के शुभारंभ के साथ ही मिशन के तहत स्व–सहायता समूहों की दीदियों की खुशहाली और सशक्तिकरण के अभियान ''ये वक्त हमारा है'' की शुरुआत भी हुई।

<u>मौसम</u>

मौसम विभाग के अनुसार आज प्रदेश के ग्वालियर–चंबल अंचल में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट है। इनके अलावा श्योपुर, निवाड़ी, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर और छतरपुर जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में अब तक 28 दशमलव 6 इंच बारिश हो चुकी है जो सामान्य से 47 प्रतिशत अधिक है। प्रदेश में सर्वाधिक बारिश गुना जिले में दर्ज की गई। यहां 40 दशमलव 8 इंच बारिश हो चुकी है। इसके अलावा निवाड़ी, मंडला, अशोकनगर में 42 इंच से ज्यादा बारिश हुई है।

<u>समाचार संक्षेप में .....</u>

- नर्मदापुरम के पिपरिया रेलवे स्टेशन कर्मचारियों ने स्वतंत्रता दिवस उत्सव के परिप्रेक्ष्य में स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत अभियान के तहत आज स्टेशन और रेलवे कालोनी में प्रभात फेरी निकाली।
- सतना कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने साइकिल से ऑफिस पहुंचकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।
- बैतूल कलेक्टर ने कल कक्षा 9वीं, 10 वीं तथा 12 वीं के विद्यार्थियों के नामांकन प्रगति कम मिलने पर सभी बीईओ का 7 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।
- उमरिया बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के बाहेरहा इनक्लोजर से कल बाघिन का वन्य जीव चिकित्सकों की निगरानी में रेस्क्यू कर वन बिहार भोपाल के लिए रवाना किया गया।

---------------